F FEDERAL
भारत

# बॉडी बनाने वाले युवाओं की सेहत से खिलवाड़, नोएडा में नकली फूड सप्लीमेंट की कंपनी पकड़ी




**नोएडा (फेडरल भारत/एजेंसी) :** नोएडा के सेक्टर 63 की पुलिस ने नकली फूड सप्लीमेंट (प्रोटीन पाउडर) बनाकर लोगों की सेहत से खिलवाड़े करने वाली एक कंपनी का खुलासा किया है। इस संबंध में कंपनी के दो पार्टनर एवं एक मैनेजर को गिरफ्तार किया है। यह लोग नकली फूड सप्लीमेंट को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बेचते थे। आमतौर पर बॉडी बिल्डिंग करने वाले इस तरह  के फूड सप्लीमेंट(प्रोटीन पाउडर) का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

**साइड इफेक्ट होने पर की थी शिकायत**

डीसीपी सेंट्रल जोन शक्तिमोहन अवस्थी ने बताया कि इस कस्टूमर की शिकायत पर यह कारवाई की गई। बताया कि सेक्टर 63 में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसने सेक्टर 63 के जी ब्लॉक में स्थित फूड सप्लीमेंट बनाने वाली कंपनी से फूड सप्लीमेंट ऑर्डर किया। उसका इस्तेमाल करने के बाद कई साइड इफेक्ट हो गए। पेट में लीवर की शिकायत के साथ चेहरे पर मुंहासे निकल आए। डाक्टर से कंस्लट करने पर बताया कि फूड सप्लीमेंट की वजह से यह रहा है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने फूड डिपार्टमेंट की टीम के साथ जी-86 स्थित कंपनी पर छापा मारा। फूड डिपार्टमेंट ने चेक किया तो वह नकली निकला। बताया गया कि इनके पास न तो फूड सप्लीमेंट बनाने का कोई लाइसेंस था और ही यौगिकों को मिश्रण करने की कोई तकनीक ही उपलब्ध मिली।

Source: https://federalbharat.com/fake-food-supplement-company-caught-playing-with-the-health-of-body-building-youth-in-noida/